कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

(उच्चशिक्षा विभाग म.प्र.शासन द्वारा मान्य उत्कृष्ट संस्थान एवं नैक द्वारा पुनः प्रत्यायित ग्रेड – बी)

Email:-pgcdatia@rediffmail.com
Website:- www.govtpgcdatia.ac.in

क्रमांक / ....

दिनांक 25.04.2026

सत्र 2026–27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अन्य विषय/संकायों में प्रवेश लेने हेतु छात्र/छात्रओं को आवश्यक सूचना

सत्र 2026–27 में प्रवेश लेने वाले **विद्यार्थियों को सूचित** किया जाता है कि कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल का पत्र क्रं. 1232333/1/965271 /2026 दिनांक 23.04.2026, म. प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के संशोधन पत्र क्रं. 418/105 /सीसी/24/38 (पार्ट–01), भोपाल दिनांक 15.04.2026 एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के संशोधित अधिसूचना क्रं. /अकादमिक/2026/1155 दिनांक 22.04.2026 के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा म.प्र.शासन द्वारा सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एकीकृत प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई थी किन्तु अब यह परीक्षा अग्रणी महाविद्यालय स्तर पर चलित साक्षात्कार (Walk in Interview) के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

स्नातक स्तर :–

कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राऐं जो अपने संकाय के स्थान पर स्नातक प्रथम वर्ष की कक्षा में अन्य संकाय में प्रवेश हेतु निम्नानुसार आवेदन करेंगे –

(1) कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष कला/वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु
(2) कक्षा 12वीं कला संकाय से उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष विज्ञान/वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु
(3) कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय से उत्तीर्ण छात्र स्नातक प्रथम वर्ष कला/विज्ञान संकाय में प्रवेश हेतु

स्नातकोत्तर स्तर :–

स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर/माईनर विषय के विद्यार्थी का प्रवेश पोर्टल के माध्यम से, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका के अनुसार मेरिट आधारित प्रवेश दिया जायेगा।

स्नातक मेजर/माईनर विषय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेजर/माईनर विषय के स्थान पर अन्य विषय/संकाय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार में शामिल होना होगा।

ऐसे छात्र जो सत्र 2026–27 में होने वाली प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं वे छात्र दतिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्राचार्य, शासकीय पी.जी.कॉलेज, दतिया के माध्यम से साक्षात्कार हेतु समिति के समक्ष **दिनांक 27.04.2026 से 14.05.2026 तक उपस्थित होना** होगा। साक्षात्कार की प्रक्रिया निम्न प्रकार होगी –

(1) विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पर अन्य संकायों में प्रवेश पाने हेतु अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य, शासकीय पी.जी.कॉलेज, दतिया के नाम सादा कागज पर अपना आवेदन प्रस्तुत करेगा।
(2) स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा की अंकसूची संलग्न करेगा।
(3) स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश हेतु स्नातक (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम.) अध्ययनरत द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष की अंकसूची संलग्न करेगा।
(4) चलित साक्षात्कार परीक्षा का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा।
(5) साक्षात्कार परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा को अग्रणी महाविद्यालय स्तर से अन्य संकाय/विषय मे प्रवेश हेतु एक प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा

नोट :– (1) विशिष्ट परिस्थितियों में विद्यार्थी को उक्त तिथियों में ऑनलाइन के माध्यम से साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी।
(2) दूसरे राज्यो के विद्यार्थी अपने निवास के नजदीक स्थित म.प्र.राज्य के अग्रणी महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकेंगे।

J. Trivedi 25/4/26

प्राचार्य
शास० स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय
दतिया (म०प्र०)

Scanned with OKEN Scanner